न्यूयार्क से दीपक की माँ सुधा फ़ोन पर

दीपक : तुम कैसी हो माँ ?

सुधा : मैं ठीक हूँ बेटा | तुम कैसे हो ?

दीपक : मैं भी ठीक हूँ माँ | पिताजी कैसे हैं ?

सुधा : वे भी अच्छे हैं | हम लोग तुम्हें हमेशा याद करते हैं | तुम्हारी करीना आंटी तुम्हारा ख़याल रखती हैं न ?

दीपक : हाँ माँ, वे बिलकुल अपने बच्चे की तरह मेरा ख़याल रखती हैं |

सुधा : दुबेजी हमेशा की तरफ व्यस्त रहते हैं ?

दीपक : हाँ, लेकिन वे बड़े अच्छे स्वभाव के हैं |

सुधा : और नीता कैसी है ?

दीपक : बहुत अच्छी है माँ | वह मुझे अपना भाई समझती है |

सुधा : तुम भी उसे अपनी बहन समझना | उसे मेरी ओर से उपहार देना | तुम कल ही बाज़ार जाना और उसके लिए उपहार ख़रीदना |

दीपक : ठीक है माँ | तुम्हारा काम कैसा चल रहा है ?

सुधा : शिक्षक लोग तो हमेशा ही व्यस्त रहते हैं | मेरे विद्‌यार्थी मुझे अपनी माँ समझते हैं |

दीपक : मेरे शिक्षक भी मुझे अपना बेटा समझते हैं | ... अच्छा माँ, तुम जल्दी ही फ़ोन करना |

1- Dönüşlü zamir olan अपना kelimesinin kullanımını öğrenmek ve metin içindeki cümlelerde kullanım yerlerini analiz etmek.